आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.04.2026 समय : 1905

- दक्षिण अंडमान में बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ने से मार्च में लोड शेडिंग घटकर सिर्फ पैंतालीस मिनट हुई। अब दिन रात की बिजली कटौती से छूट मिलेगी।
- शिक्षा सचिव ने डीब्रेट में नवाचार, डिजाइन और उद्यमिता पर पांच दिवसीय बूटकैम्प 2026 का शुभारंभ किया। देशभर की 30 टीमें द्वीप समूह में भागीदारी कर रही है।
- भारत सरकार ने सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार–2027 के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों और संस्थानों से आवेदन आमंत्रित किए।
- राजधानी श्री विजयपुरम के पी एम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेन्डरी स्कूल में एन सी सी कैडिटों के लिए विशेष योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><>

विद्युत विभाग ने बिजली आपूर्ति में सुधार को लेकर जानकारी जारी की है। विभाग के अनुसार 16 दिसंबर 2025 को जारी पुराने सारणी में औसतन 60 मिनट की लोड शेडिंग निर्धारित थी, जबकि मार्च 2026 में वास्तविक कटौती लगभग 45 मिनट ही रही। विभाग ने बताया कि दक्षिण अंडमान में बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य जारी है। फीनिक्स बे पावर हाउस में 2.5 मेगावाट क्षमता जोड़े जाने तथा 3 फरवरी 2026 को एम/एस मॉडर्न हायरिंग सर्विसेज द्वारा 5 मेगावाट के नए प्लांट के चालू होने से बिजली कौटती में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। नए सारणी के अनुसार अब मुख्य रूप से केवल शाम के समय 45 मिनट की लोड शेडिंग होगी, जबकि दिन और रात के समय कटौती से छूट दी गई है। हालांकि, मौसम या तकनीकी कारणों से आवश्यकता पड़ने पर ही अतिरिक्त कटौती की जा सकती है। विभाग ने बताया कि 10 मेगावाट परियोजना सहित कई अन्य डीजी सेट विस्तार योजनाएं जल्द पूरी होंगी। साथ ही उपभोक्ताओं से PM Suryaghar Muft Bijli Yojana के तहत सोलर रूफटॉप अपनाने की अपील की गई है, ताकि ऊर्जा बचत और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके।

<><><><><><>

शिक्षा सचिव, एल. कुमार ने आज डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में इनोवेशन, डिज़ाइन और एंटरप्रेन्योरशिप बूटकैंप 2026 के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। यह बूटकैंप अखिल भारतीय

तकनीकी शिक्षा परिषद की इनोवेशन सेल की एक पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों में इनोवेशन, डिज़ाइन थिंकिंग और एंटरप्रेन्योरियल कौशल को बढ़ावा देना है। अपने संबोधन में शिक्षा सचिव, एल. कुमार ने छात्रों में जिज्ञासा और प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, स्कूलों में इंजीनियरिंग लैब सुदृढ़ करने और शिक्षकों के कौशल विकास की आवश्यकता बताई। DBRAIT की प्राचार्या डॉ. सन्मुख कौर ने वास्तविक समस्याओं की पहचान, न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद के माध्यम से विचारों के परीक्षण और बाजार की जरूरतों को समझने पर बल दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बूटकैंप छात्रों को नवाचार को व्यावहारिक रूप देने में मदद करेगा। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में देशभर की 30 टीमों के साथ द्वीप समूह की टीमों की पहली बार भागीदारी हो रही है, जिसका उद्देश्य स्टार्टअप सोच और नवाचार को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय, द्वारा आयोजित 'द्वीप व्यंजन महोत्सव 2026' के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह फेस्टिवल 17 से 19 अप्रैल तक प्रदर्शनी मैदान में आयोजित होगा, जहां स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय व्यंजनों का संगम देखने को मिलेगा। इस आयोजन में खाद्य विक्रेताओं, राज्य संघों, स्वयं सहायता समूहों, होटल व्यवसायियों, रेस्टोरेंट संचालकों, कैटरिंग संस्थानों और गृहिणियों को भाग लेने का अवसर दिया गया है। इच्छुक आवेदकों को गुणवत्ता, स्वच्छता और नवाचार पर विशेष ध्यान देना होगा। आवेदन पत्र और दिशा–निर्देश सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय, के संचालन अनुभाग से प्राप्त एवं जमा किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है। स्टॉल आवंटन 12 अप्रैल को लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा और उसी दिन आवंटन पत्र जारी किए जाएंगे। महोत्सव प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित होगा। स्टॉल शुल्क श्रेणियों के अनुसार निर्धारित है, जबकि चयनित राज्य संघों और स्वयं सहायता समूहों को स्टॉल निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए प्रबंधक (संचालन) राबिया मुस्तफा से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को सम्मानित करने हेत 'सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2027' के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह राष्ट्रीय स्तर का वार्षिक पुरस्कार आपदा प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान को पहचान देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। इसके तहत नवाचार, तत्परता, बचाव कार्यों में उत्कृष्टता तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण जैसे क्षेत्रों में कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थान पुरस्कार

के लिए ऑनलाइन आवेदन Awards.gov.in पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। आवेदन लिंक प्रशासन के आधिकारिक वेबसाइट तथा आपदा प्रबंधन निदेशालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। वर्ष 2027 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। प्रशासन ने योग्य उम्मीदवारों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है, ताकि उनके कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित पी एम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेन्डरी स्कूल में हाल ही में एक विशेष योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से एन सी सी कैडिटों के बीच स्वास्थ्य, जागरूकता और स्वस्थ शरीर को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर कैडिटों, शिक्षकों और ए एन ओ एस ने इस पहल की सराहना की और स्कूल की दिनचर्या में योग को नियमित रूप से शामिल करने पर जोर दिया।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से एमवी स्वराज द्वीप, एमवी कैंपबेल बे और एम वी नालंदा के संभावित यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब एमवी स्वराज द्वीप श्री विजयपुरम से 9 अप्रैल, 14 मई और 7 जून को चेन्नई, जबकि 25 अप्रैल, 3 व 26 मई और 19 जून को विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। उधर, एम वी नालंदा 2 मई को ननकौड़ी और कैम्पबेल बे होते हुए चेन्नई और 16 मई को मायाबंदर होते हुए कोलकाता के लिए प्रस्थान करेगा तथा एम वी कैम्पबेल बे 17 जून को ननकौड़ी और कैम्पबेल बे होते हुए चेन्नई जाएगा।

<><><><><><><>

समुद्री संसाधनों के संरक्षण और समुद्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग ने मछली पकड़ने पर वार्षिक प्रतिबंध लागू किया गया है। भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में प्रादेशिक जल सीमा से बाहर सभी मछली पकड़ने वाले जहाजों पर यह प्रतिबंध लागू रहेगा। द्वीप समूह में यह प्रतिबंध 15 अप्रैल से 14 जून तक कुल 61 दिनों के लिए प्रभावी रहेगा। पारंपरिक गैर–मशीनीकृत नौकाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। विभाग ने सभी मछुआरों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि का सख्ती से पालन करें, ताकि मत्स्य संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके और समुद्र में सुरक्षा बनी रहे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से पुलिस फायरिंग रेंज, प्रातरापुर में छोटे हथियारों के फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास कल, 9 और 11 अप्रैल को सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के सभी नागरिकों से स्वयं को तथा अपने पालतू पशुओं को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>